**बीसीएम स्कूल चंडीगढ़ रोड लुधियाना**

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ बीसीएम फाउंडेशन**

**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त**

**कार्य पत्रिका विषय हिंदी**
**कक्षा चौथी**

**I.निम्न गदयांश को ध्यान से पढ़िए और सही विकल्पों के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

हमारे देश भारत का एक सुंदर राष्ट्रीय ध्वज है जिसे हम 'तिरंगा झंडा' कहते हैं। इसमें तीन रंगों की पट्टियाँ होती हैं -सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद व सबसे निचली पट्टी हरे रंग की होती है। इन तीनों रंगों का अपना महत्व है । 'केसरिया' रंग हमें वीरता का, 'सफेद' रंग सम्मान , ईमानदारी व शांति का और 'हरा' रंग हरियाली का संदेश देता है। झंडे के बीच में सफ़ेद रंग की पट्टी पर 'अशोक चक्र' बना है जिसमें 24 तीलियाँ हैं। यह झंडा सभी राजभवनों पर लहराता है। राष्ट्रध्वज का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। सब जानते हैं कि देश की स्वतंत्रता के लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया, तभी तो यह ध्वज स्वतंत्र देश में लहरा सका।

1.हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कितने रंग हैं ?

(क) तीन ☐ (ख) चार ☐

(ग) पाँच ☐ (घ) दो ☐

2.सफ़ेद रंग किसका प्रतीक है?

(क) हरियाली का ☐ (ख) वीरता का ☐

(ग) सम्मान, ईमानदारी व शांति का ☐ (घ) बलिदान ☐

3.अशोक चक्र में कितनी तीलियाँ है?

(क) 28 ☐ (ख) 24 ☐

(ग) 26 ☐ (घ) 20 ☐

4. वाक्य पूरा करो -

(i)'केसरिया' रंग हमें ______________ का संदेश देता है।

5.विलोम शब्द लिखें-

(i) अशांति-

(ii) नीचे –

(iii)विदेश-

(iv) अपमान-

## II. दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखो -

| | | |
|---|---|---|
| सूर्य - | घर - | पक्षी - |
| दूध - | शरीर - | सिंह - |
| रजनी- | पेड़ - | नरेश- |
| संसार - | प्रभु - | नयन - |
| आग - | कमल - | किनारा- |

## III. निम्न वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटों ।

छात्र कक्षा में पढ़ रहे हैं ।

हिमालय सबसे ऊँचा पर्वत है ।

मोहन की कमीज़ नई है |

राधा सुंदर गाती है ।

किसान खेत में काम कर रहा है ।

रोहन पतंग उड़ा रहा है ।

मैदान में कुछ लड़के बात कर रहे हैं ।

राजू विद्यालय जा रहा है ।

गन्ने में मिठास है ।

मैं ताजमहल देखने जाऊँगी ।

मीना बाज़ार जा रही है ।

हम कल मंदिर जाएँगे ।